# 24 चौबीसवाँ अध्याय

## 24.1 Konjunktiv

**(a) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आप अपने दोस्तों के साथ कैसे समय बिताते हैं ?

**(b) *Zeit mit Freunden verbringen* – Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| शाम को बाहर चलना | कोई नई फ़िल्म देखने चलना | बाहर कुछ अच्छा-सा खाना |
| कहीं बैठकर कॉफ़ी पीना | बाकी दोस्तों को बुलाना | मिलकर कुछ करना |

**(c) *Sollen wir … ?* – Bilden Sie Verbalkonstruktionen im Konjunktiv.**

चलो, आज शाम को बाहर *चलें* !
क्या हम कोई नई फ़िल्म ________ ?
क्या हम कुछ अच्छा-सा ________ ?
या कहीं बैठकर कॉफ़ी ________ ?
क्या हम बाकी दोस्तों को भी ________ ?
तुम बताओ, क्या ________ ?

**(d) Wie bildet und verwendet man den Konjunktiv?**

**(e) Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- पिछली बार आप अपने दोस्तों के साथ कब बाहर गए थे ?
- इस शुक्रवार आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं बाहर जा रहे हैं। आप कहाँ जाएँगे और वहाँ क्या करेंगे, इस पर आपस में चर्चा कीजिए।

**24.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) Segen – *Alles möge gute werden!***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खुश रहना | सुखी रहना | स्वस्थ रहना | ठीक हो जाना | सफलता, मिलना |

तुम — *तुम खुश रहो। (भगवान् करे ... )*

वह

सब

...

**(b) Einladung – *wünschen / hoffen, dass***

| | |
|---|---|
| किसी के लिए समय निकालना | किसी का भी मेहमान बनना |
| कभी किसी के घर भी आना | किसी के यहाँ भी पधारना |

हम – तुम — *1. हम चाहते हैं, कि तुम हमारे लिए समय निकालो।*

वह – मैं — *2. हम उम्मीद करते हैं, कि तुम हमारे लिए समय निकालोगे।*

वे – आप

...

**(c) Vielleicht / sicher – *Wetter***

| | | |
|---|---|---|
| बारिश, थोड़ी देर में होना | तेज़ आँधी, शाम को चलना | ठंड, अगले हफ़्ते से बढ़ना |
| बर्फ़, इन सर्दियों में पड़ना | हम, तब, घर पर ही रहना | |

1. हो — *शायद थोड़ी देर में बारिश हो। (हो सकता है थोड़ी देर में ... )*
2. हो सकता है — *थोड़ी देर में बारिश हो सकती है।*
3. होगा — *थोड़ी देर में बारिश होगी ! (मुझे लगता है / मेरे हिसाब से ...)*

**(d) Bitte – *In einem Tempel***

| | | |
|---|---|---|
| जूते यहाँ उतारना | दान दानपात्र में डालना | भगवान् की मूर्ति पर फूल न चढ़ाना |
| फ़ोटो न खींचना | जानवरों को खाना न खिलाना | अपने सामान का ध्यान रखना |

1. करना है। *जूते यहाँ उतारने हैं।*
2. करना ! *जूते यहाँ उतारना !*
3. कीजिए ! *जूते यहाँ उतारिए !*
4. करें। *जूते यहाँ उतारें। (कृपया ... )*

**(e) Sollen wir? Möchtest du ? – *Essen und Trinken***

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाय पीना | घर पर कुछ खाना | बाहर से कुछ मँगवाना | बाहर चलना |
| हलवाई की दुकान से कुछ लेना | पकौड़े खाना | बर्फ़ी लेना | जलेबी के लिए बोलना |

1. करोगे ? *चाय पियोगे ?*
2. करना है ? *चाय पीनी है ?*
3. करें ? *चाय पिएँ ?*
4. करते हैं ! *मैं बताऊँ, चाय पीते हैं !*

**(f) Sonst kann / wird – *Unterwegs***

| | |
|---|---|
| जल्दी करना – ट्रेन, छूटना | अपना बैग ध्यान से लगाना – तुम, कुछ भूलना |
| गरम कपड़े पहनना – सर्दी, लगना | टिकट सँभालकर रखना – [वह,] घर पर रहना |

1. ताकि *तुम जल्दी करो, ताकि ट्रेन न छूट जाए !*
2. कहीं न *तुम जल्दी करो। कहीं ट्रेन न छूट जाए !*
   *(कहीं ऐसा न हो कि ट्रेन छूट जाए !)*
3. नहीं तो *तुम जल्दी करो, नहीं तो ट्रेन छूट जाएगी !*
4. वर्ना *तुम जल्दी करो, वर्ना ट्रेन छूट जाएगी !*

**24.3** ***Mohits Winterferien***

**(a)** **Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

आपकी सर्दियों की छुट्टियाँ कैसी बीतीं ?

**(b)** **Lesen Sie den Text.**

मोहित की छुट्टियाँ

मोहित उन्नीस साल का है और देहरादून के दून विश्वविद्यालय में डिज़ाइन की पढ़ाई कर रहा है। अभी वह दूसरे सत्र में पढ़ रहा है। इन सर्दियों की छुट्टियों में वह एक महीने से भी ज़्यादा समय अपने गाँव में बिताकर वापस आया। इस बार वह अपने काफ़ी रिश्तेदारों के घर भी घूम पाया।

छुट्टियों का पहला हफ़्ता उसने मसूरी में अपनी मौसी के घर पर बिताया। वहाँ पर उसके मौसेरे भाई-बहन भी थे, जो लगभग उसी की उम्र के हैं। अक्सर शाम को वह और उसका सबसे छोटा मौसेरा भाई बाज़ार घूमकर आते थे। बाकी की छुट्टियों में वह अपने माँ-बाप के घर उत्तरकाशी में रहा। बीच में वह कभी-कभार आस-पास के इलाकों में घूमा, जहाँ उसकी बुआ और मामा का घर है।

ये सारे इलाके बिलकुल पहाड़ों में हैं, इसलिए वहाँ अच्छी-खासी ठंड भी थी। मोहित का बहुत मन है, कि वह अगली छुट्टियों में भी वहाँ जाए और बाकी जगहें भी घूमे, जहाँ वह इस बार नहीं जा सका।

**(c)** ***Was würde Mohit selbst sagen?*** **– Formulieren Sie den Text um.**

**(d)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. मोहित कितने साल का है ?
2. मोहित क्या पढ़ता है ?
3. अभी वह कौन से सत्र में है ?
4. इन छुट्टियों में वह किन किन जगहों पर रहा ?
5. छुट्टियों के दौरान क्या वह कहीं ट्रैकिंग पर भी जा पाया ?
6. पहाड़ों में मौसम कैसा था ?
7. अगली बार के लिए मोहित ने क्या सोचा है ?

**(e)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(f)** **Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(g)** **Übersetzen Sie den Text.**

**24.4** ***In den nächsten Ferien möchte ich …***

**(a)** **Bilden Sie diese Verbalkonstruktionen im Konjunktiv und übersetzen Sie.**

1. जाना (1. Pl. m.) 2. मिलना (3. Pl. f.) 3. देखना (3. Sg. f.) 4. बोलना (1. Sg. m.)

**(b)** **Wie lauten weitere Verbalkonstruktionen?**

| | | |
|---|---|---|
| wollen (im Präsens) | हम जाना चाहते हैं | wir wollen fahren |
| können (im Präsens) | हम जा सकते हैं | |
| Konjunktiv | *हम जाएँ* | |
| Futur | हम जाएँगे | |
| Progressiv | हम जा रहे हैं | |
| Präteritum | हम गए | |
| Präteritum (intensiviert) | हम चले गए | |

**(c)** **Was bedeuten diese Ausdrücke? Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel:**

कभी भारत जाना   सभी दोस्तों से मिलना   ताज महल देखना   अच्छी हिंदी बोलना

1. मेरा बहुत मन है, कि मैं *कभी भारत जाऊँ* । …
2. हमारा दिल करता है, कि हम …
3. उसके दिल की तमन्ना है, कि वह …

**(d)** **Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

आपके दिल की तमन्ना क्या है ?

**24.5** ***Letzte Woche wurde mein Freund von seiner Freundin verlassen.***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

क्या आपके किसी दोस्त का कभी ब्रेकअप हुआ ?

**(b)** **Ergänzen Sie die Ausdrücke. Was bedeuten sie?**

| किसी को | किसी के लिए | किसी से | किसी के साथ | किसी का |
|---|---|---|---|---|

1. कुछ करके ______ दिल बहलाना
2. ______ खाने पर बाहर ले जाना
3. ______ सिनेमा हॉल में कोई नई फ़िल्म दिखाना
4. ______ कुछ खरीदकर लाना
5. ______ नए लोगों से मिलाना
6. ______ रहना
7. ______ बातें करना

**(c)** ***Wie kann ich meinen Freund aufmuntern?*** **– Ergänzen Sie die Sätze mit Verbalkonstruktionen im Konjunktiv.**

1. पिछले हफ़्ते मेरे दोस्त का ब्रेकअप हुआ। इस वजह से वह आजकल थोड़ा उदास-सा रहता है। अब उसके चेहरे पर मुस्कराहट लाने के लिए मैं क्या ______ ? 2. क्या मैं उसको खाने पर बाहर ______ ? 3. क्या मैं उसे सिनेमा हॉल में कोई नई फ़िल्म ______ ? 4. क्या मैं उसके लिए उसकी पसंद का कुछ ______ ? 5. क्या मैं उसे नए लोगों से ______ ? 6. या क्या मैं उसके साथ बस ______ और उससे बातें ______ ?

**(d)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

किसी के चेहरे पर फिर से मुस्कराहट लाने के लिए आप क्या करते हैं ?